संसद सदस्यों ने श्री जी.एम.सी.बालयोगी को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 1 अतूबर, 2014 : लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन; केन्द्रीय शहरी विकास, आवास और शहरी गरीबी उन्मूलन और संसदीय कार्य मंत्री, श्री एम. वेंकैया नायडू; पूर्व उप प्रधानमंत्री श्री लाल कृष्ण आडवाणी; संसद सदस्यों और पूर्व संसद सदस्यों ने पूर्व लोक सभा अध्यक्ष श्री जी.एम.सी. बालयोगी की वर्षगांठ के अवसर पर संसद भवन के सदस्य अध्ययन कक्ष में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की ।

लोक सभा के महासचिव श्री पी.के.ग्रोवर और राज्य सभा के महासचिव, श्री शमशेर के. शैरिफ ने भी श्री बालयोगी को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए । इस अवसर पर विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित श्री बालयोगी के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई ।

श्री बालयोगी 12वीं लोक सभा के अध्यक्ष थे और वह 13वीं लोक सभा के लिए अध्यक्ष पद हेतु पुनः निर्वाचित हुए । वह 10वीं लोक सभा के सदस्य भी रहे । इससे पूर्व, वह आंध्र प्रदेश विधान सभा के सदस्य और आंध्र प्रदेश सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री के पद पर भी रहे ।

श्री बालयोगी का 3 मार्च, 2002 को आंध्र प्रदेश के पश्चिमी गोदावरी जिले में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में निधन हो गया।